# University in News on 18 October 2020

i-NEXT PAGE 8

## रैगिंग रोकने को गठित होगी टीचर्स की समिति

LUCKNOW (17 Oct) : एलयू में सत्र 2020-21 के परास्नातक और पीएचडी के छात्र-छात्राओं के लिए लैब खुल गई हैं. छात्र-छात्राओं का आवागमन शुरू हो गया है. नए सत्र में रैगिंग को रोकने के लिए विवि प्रशासन द्वारा शिक्षकों की एक समिति गठित की जा रही है, जो हॉस्टल, कक्षाओं और परिसर में रैगिंग के संबंध में नजर रखेगी. इसके अलावा विवि प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर और ई-मेल आइडी भी जारी की है. यह जानकारी प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने दी.

### हेल्प लाइन नंबर

टोल-फ्री : 18001805522

ई-मेल आइडी : helpline@antiragging.in

कुलानुशासक कार्यालय : 0522-2740401

कुलानुशासक : 7991200510

अधिष्ठाता छात्र कल्याण : 9415409735

चीफ प्रोवोस्ट : 9451088135

## 19 को नहीं होगी बीएड की काउंसिलिंग

### एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों का नहीं जारी हुआ अंतिम वर्ष का रिजल्ट

LUCKNOW (17 Oct):लखनऊ यूनिवर्सिटी द्वारा 19 अक्टूबर को आयोजित बीएड काउंसिलिंग स्थगित कर दी गई है. अब अभ्यर्थियों के लिए नई तिथि की घोषणा की जाएगी. एलयू प्रशासन ने शनिवार शाम को इसका आदेश जारी किया. जारी पत्र में कहा गया कि अपरिहार्य कारणों से संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 की प्रस्तावित काउंसिलिंग को स्थगित कर दिया गया है.

**नयी डेट जल्द**

समय से परिणाम न जारी करना यह विश्वविद्यालयों की लापरवाही है. लविवि शासन को इसकी रिपोर्ट भेजेगा. शासन से काउंसिलिंग की नई तिथि जारी की जाएगी.

### रिजल्ट का हो रहा इंतजार

कई विश्वविद्यालयों की लापरवाही का खामियाजा बीएड प्रवेश परीक्षा पास करने वाले एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ रहा है. कारण यह कि अभी तक स्नातक अंतिम वर्ष का परिणाम ही नहीं जारी किया है. काउंसिलिंग के समय अंतिम वर्ष की अंकतालिका होना आवश्यक है. इसलिए विश्वविद्यालयों ने लविवि प्रबंधन से तिथि बढ़ाने की गुहार की थी. अंकतालिका न होने के कारण अभ्यर्थी काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं कर पाते. ऐसे में प्रवेश परीक्षा में अच्छी मार्किंग के बाद भी अभ्यर्थियों को सरकारी कॉलेज न मिल पाते.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## 19 से प्रस्तावित बीएड की काउंसिलिंग निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि की ओर से आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड की काउंसिलिंग 19 अक्टूबर से प्रस्तावित थी। जिसे विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से निरस्त कर दिया गया है। इसकी जानकारी राज्य प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने दी है।उन्होंने बताया कि इस काउंसिलिंग का संशोधित कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र की जायेगी।

बता दें संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया 19 अक्टूबर से शुरू होनी थी। यह ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया तीन चरणों (मेन काउंसिलिंग, पूल काउंसिलिंग व सीधे प्रवेश) में संपंन करायी जानी थी।सूत्रों के अनुसार बीएड काउंसिलिंग को लेकर चल तैयारियां अभी अधूरी थी और सोमवार (19 अक्टूबर) से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होनी थी। ऐसी स्थिति काउंसिलिंग को शुरू किया जाना संभव नहीं था। इसके अलावा एक ओर मुख्य कारण यह भी हैं कि प्रदेश में अभी लखनऊ विश्वविद्यालय के अलावा कई विश्वविद्यालयों ने छात्रों के स्नातक अंतिम वर्ष का परिणाम भी घोषित नहीं किया हैं। जबकि नियम के अनुसार काउंसिलिंग के समय छात्रों के पास अंतिम वर्ष की मार्कशीट और उसके अर्जित अंकों का विवरण होना अनिवार्य हैं। साथ ही आवेदन करने वाले छात्र के अंतिम वर्ष में प्राप्तांक 50 फीसदी से कम नहीं होने चाहिये। इस बाध्यता के चलते जिन विश्वविद्यालयों की ओर से अभी रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। ऐसे में उन विश्वविद्यालय और उसके सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल नहीं हो पायेंगे।ऐसी स्थिति में काउंसिलिंग कराने से सीट भरने का संकट और भी बढ़ जायेगा। ऐसे भी निर्धारित सीटों से छात्रों के पास का आकड़ा बहुत नहीं है और यदि काउंसिलिंग में भाग नहीं लेंगे तो आकड़ा का ग्राफ काफी नीचे चला जायेगा।

● जल्द घोषित होगा संशोधित कार्यक्रम : राज्य प्रवेश समन्वयक

## लविवि ने जारी की दूसरी आवंटन सूची

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए शनिवार को दूसरी आवंटन सूची जारी कर दी गई। दूसरे आवंटन में सीट अपग्रेड करने वाले अभ्यर्थियों का भी रिजल्ट जारी किया गया है। आवंटन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सीट कंफर्म करने को 20 अक्तूबर तक फीस जमा करनी होगी।

लविवि में स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों की केंद्रीकृत काउंसिलिंग कार्यक्रम में बदलाव के बाद शनिवार को दूसरा आवंटन जारी हुआ। पहले यह आवंटन 15 अक्तूबर को जारी होना था। अभ्यर्थियों को उनकी लॉगइन में रिजल्ट दिया गया है।



**स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम में सीट कंफर्म करने को 20 तक जमा करें फीस**

इसके साथ ही कॉलेजों को सीट कंफर्म हो जाने के बाद यूडीआरसी लॉगइन के जरिये विद्यार्थियों का ब्यौरा भेजा जाएगा। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक, स्नातक मैनेजमेंट और बीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए दूसरे चरण में पंजीकरण और विकल्प भरने कि तिथि 23 से 26 अक्तूबर होगी। 27 अक्तूबर को सिर्फ विकल्प भरे जा सकेंगे। 29 अक्तूबर को अंतिम आवंटन होगा। सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करने का मौका 31 अक्तूबर तक होगा। इसके बाद सीट खाली रहने पर कोई प्रवेश समिति कोई फैसला करेगी।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## 20 हजार छात्रों ने दी पीजी प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में पीजी प्रवेश परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई। परिसर की करीब चार हजार सीट के साथ ही 66 सहयुक्त कॉलेजों में भी लविवि की केंद्रीकृत काउंसिलिंग से दाखिले किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को अपना पंजीकरण कराना होगा। 11 अक्तूबर से शुरू हुई प्रवेश परीक्षा में करीब 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। अंतिम दिन सुबह की पाली में एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 4298 में से 2318 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। दूसरी पाली में एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 2090 में से 1220 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

## लखनऊ विवि: बीएड काउंसलिंग टली

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए 19 अक्तूबर से प्रस्तावित काउंसलिंग टाल दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को यह आदेश जारी किए हैं।

विवि प्रशासन ने काउंसलिंग टालने का कारण स्पष्ट नहीं किया है। जानकारों की मानें तो बीएड की काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अन्तिम वर्ष की मार्कशीट की अनिवार्यता निर्धारित की गई है। कई ऐसे राज्य विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने अभी तक परीक्षा के नतीजे जारी ही नहीं किए हैं। इसके चलते अभ्यर्थी काफी परेशान हैं। उनकी ओर से भी काउंसलिंग को टालने की मांग उठाई जा रही है। पहले यह काउंसलिंग सितम्बर के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित थी।

## रैगिंग रोकने के लिए हेल्पलाइन जारी

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने परिसर में रैगिंग रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। कुलानुशासक ने विभाग में शिकायत पेटिका रखने की सलाह दी है। **संपर्कः** helpline@antiragging.in 1800-180-5522, 0522-2740401 ,7991200510, 9415409735 , 9451088135 , 7991200511 , 7991200512 , 7991200665 , 7991200514 , 7991200615 , 7991200528